# ग्राम पंचायत बड़ग्रां, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2022 से 03/2024

## भाग-एक

**1 प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के संशोधन पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनांक-07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश, राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत बड़ग्रां, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों का अंकेक्षण कार्य विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 तक के दौरान ग्राम पचांयत बड़ग्रां में निम्नलिखित प्रधान एवं सचिव कार्यरत रहे :-**

**प्रधान**

| क्रम संख्या | पदाधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति सुभा कुमारी | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

**सचिव**

| क्रम संख्या | सचिव का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री गौरव कुमार | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-

ग्राम पंचायत बड़ग्रां, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है। जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष रूप से लाई जाती है।

| क्र० स० | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा संख्या | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 01. | अनुदान राशि का अवरोधन | 6.1 | 17.63 |
| 02. | आपूर्तिकर्ताओं से बिना W, X फॉर्म प्राप्त किये अनियमित भुगतान के कारण सरकार को रॉयल्टी के तौर राजस्व की वित्तीय हानि। | 8.2 | 20.49<br>0.84 |
| 03. | प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) की सम्भावित वित्तीय हानि। | 8.3 | 0.98 |
| 04. | ठेकेदारों/संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकारी राजकोष को वित्तीय हानि बारे। | 8.4 | 0.07 |
| 05. | मनरेगा अनुदान के तहत सामग्री पर तय अनुपात से अधिक का व्यय करना। | 9.2 | 7.54 |
| 06. | निर्माण कार्य के दौरान शेष बची सामग्री का सम्भावित दुरूपयोग करने बारे। | 9.4 | 0.13 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 07. | माप पुस्तिकाओं में बिना लीड (दूरी) दर्शाए पत्थर ढुलाई पर अनियमित व्यय | 9.5 | 1.23 |
| 08 | क्रय स्टोर/स्टॉक का इन्द्राज स्टॉक रजिस्टर में न करना एवं सयुंक हस्ताक्षर के बिना ही अनियमित भुगतान। | 9.8<br>9.9 | 5.44 |

## भाग- दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत बड़ग्रां, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखाओं का प्रथम व वर्तमान अंकेक्षण श्री पवन कुमार क० लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 14-08-2024 से 22-08-2024 तक भरमौर में किया गया। वर्तमान निधि लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया। जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | आय चयनित माह | व्यय चयनित माह |
|---|---|---|---|
| 1. | 2022-2023 | 10/2022 | 09/2022 |
| 2. | 2023-2024 | 11/2023 | 06/2023 |

**अस्वीकरण:-** वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

ग्राम पंचायत बड़ग्रां, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹5600/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को प्रेषित करने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/13 दिनांक 22-08-2024 द्वारा अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

ग्राम पंचायत बड़ग्रां द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

**(अ) स्वः-स्त्रोत व अनुदान** ग्राम पंचायत बड़ग्रां के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक स्वः-स्त्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है:

**1. स्वः-स्त्रोत**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 228941.70 | 696418.00 | 925359.70 | 922342.00 | 3017.70 |
| 2023-24 | 3017.70 | 985261.00 | 988278.70 | 594395.00 | 393883.70 |

**2. अनुदान**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 3124388.66 | 7541556.00 | 10665944.66 | 8742184.00 | 1923760.66 |
| 2023-24 | 1923760.66 | 10782392.00 | 12706152.66 | 10942654.00 | 1763498.66 |

कुल योग (1+2) **₹393883.70 + 1763498.66 = ₹2157382.36**

**(ब) ग्राम पंचायत बड़ग्रां का दिनांक 31/03/2024 को बैंक खातों में अन्तशेष विवरण**

| क्र० स० | अनुदान का नाम | खाता संख्या | बैंक का नाम | राशि 31-03-2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15th FC | 50100359568069 | HDFC Bharmour | **1108730.00** |
| 2. | 13th/14th FC | 17810110695 | HPSCB Bharmour | **0.00** |
| 3. | IWMP | 32636091670 | SBI Bharmour | **0.00** |
| 4. | PMAAY | 99231200000173 | HPGB Bharmour | **700955.00** |
| 5. | RAY | 17810110696 | HPSCB Bharmour | **13483.00** |
| 6. | IAY | 17810110694 | HPSCB Bharmour | **2186.00** |
| 7. | General Head SF/5th SFC/ TASP /VKVNY | 17810103215 | HPSCB Bharmour | **421199.70** |
| | | | Cash In hand | **102.00** |
| | | | **TOTAL** | **₹2246655.70** |

**अन्तर (ब-अ) ₹2246655.70 - ₹2157382.36 = ₹89273.34**

**5.1 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹0.89 लाख का अन्तर।**

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत बड़ग्रां द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **7(3) व 10(1)** की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की है। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31-03-2024 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹89273 का अन्तर रोकड़बही में कम शेष के रूप में है। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4 में दिया गया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 20-08-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार

पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा।

अत: भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 6.1 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि ₹17.63 लाख का अवरोधन :-

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 1 व 2** पर अनुदानों से सम्बधित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹1763498.66 की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को निर्धारित अवधि के दौरान व्यय किया जाना अपेक्षित था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को निर्धारित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओ से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है। यह अनियमितता सम्बंधित पंचायत के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को भी इंगित करता है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 20-08-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि, भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा। अत: अनुदान राशि को निर्धारित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.39 लाख की वसूली न करने बारे :-

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि, समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बधित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा।

ग्राम पंचायत बड़ग्रां के अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत वकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चुककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेखानुसार निम्न ₹39450 की राशि वसूली हेतु शेष थी।

| वित्तीय-वर्ष | गत शेष | कुल परिवार | दर | वर्ष के दौरान मांग | कुल मांग | कुल प्राप्त राशि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 23590 | 392 | 20 | 7840 | 31430 | 0 | 31430 |
| 2023-24 | 31430 | 401 | 20 | 8020 | 39450 | 0 | 39450 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनांक 21-08-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है । अतः सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष में जमा न करने से हुई वित्तीय हानि बारे :-

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनांक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनांक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण के शुल्क की वसूली करने उपरान्त वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि, उक्त पंचायत सचिव द्वारा निम्नविवरणनुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि ₹6200/- को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था अपितु इसे पंचायत के सभा निधि के बैंक खाते में रखा गया है इसके अतिरिक्त रजिस्टर में APL/BPL श्रेणियों का व्यौरा नहीं दिया गया था जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

| वित्तीय वर्ष | कुल पंजीकृत विवाह | APL Rate | | राशि | BPL Rate | | राशि | कुल राशि सामान्य व BPL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Without Late Fee | With Late Fee | | Without Late Fee | With Late Fee | | |
| 2022-23 | 13 | 06@200 | 07@400 | 4000 | - | - | - | 4000 |
| 2023-24 | 09 | 07@200 | 02@400 | 2200 | - | - | - | 2200 |
| **कुल योग** | **22** | **13@200** | **09@400** | **6200** | - | - | - | **6200** |

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-11 दिनांक 31-05-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली उपरान्त उसे शीघ्र ही सरकारी राजकोष में जमा करवा दिया जायेगा।

अतः उपरोक्त राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करने उपरान्त सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा गत वर्षों में इस प्रकार से सरकारी

राजकोष में जमा नहीं करवाई गई राशि को भी जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये। भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**8.1 राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा चल-अचल सम्पतियों को दर्ज न करना।**

पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में वर्ष 2010-11 में पंचायत मिशन प्रोजेक्ट प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न एप्लिकेशन्स हैं जिनसे पंचायत की दैनिक कार्रवाई जैसे कि, पंचायत द्वारा की गई सेवाओं, सामान के खरीद, भुगतान एवं पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का (उनके वास्तविक मूल्य पर) इन्द्राज करना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत बड़ग्रां के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में अर्जित सभी चल-अचल सम्पतियों एवं किये गए कार्यों को इन्द्राज/दर्ज नहीं किया गया था। जबकि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि तक कई कार्यों को पूर्ण किया गया था। जोकि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्णतया अवहेलना है। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 20-08-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का इन्द्राज राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका एप्लीकेशन में कर दिया जायेगा। अत: मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.2 आपूर्तिकर्ताओं से बिना W, X फॉर्म को प्राप्त किए राशि ₹20.49 लाख के अनियमित भुगतान के कारण सरकार को रॉयल्टी के तौर पर ₹0.84 लाख के राजस्व की वित्तीय हानि।**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास (फॉर्म-W) या सप्लीमेंट्री ट्रांजिट पास (फॉर्म-X) का उपलब्ध करवाना अनिवार्य है

अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची अनुसार रॉयल्टी का भुगतान पेनल्टी सहित किया जाना अपेक्षित है ।

परन्तु ग्राम पंचायत बड़ग्रां, के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि पंचायत द्वारा उक्त नियमों एवं आदेशों की पूर्णत: अवहेलना की जा रही है । पंचायत द्वारा ठेकेदारों से अन्नापति प्रमाण पत्र/W,X-फॉर्म लिए बिना ही रेत,बजरी व पत्थर इत्यादि की आपूर्ति ली गई है । जिसके परिणामस्वरूप बिना W,X-फॉर्म लिए बिना जहाँ आपूर्तिकर्ताओं को राशि ₹2049115 का अनियमित भुगतान किया गया वही पर उक्त राशि पर सरकार को राशि ₹83593/- (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है ।) की रॉयल्टी की वित्तीय हानि भी हुई है ।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 04 दिनांक 20-08-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि, नियमों की जानकारी न होने के अभाव में आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी की न तो कटौती की गई और न ही W,X फॉर्म लिए गए लेकिन इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवा दिया जायेगा । उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि उक्त फॉर्म उपरान्त ही क्रय किया जाना अपेक्षित था ।

अत: उक्त प्रकरण से न केवल सरकारी राजस्व का वित्तीय रिसाव हो रहा है अपितु इससे अवैध खनन की संभावना को भी नहीं नकारा जा सकता । यह एक गम्भीर अनियमितता है जो उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाई जाती है । अत: इस अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उद्योग विभाग के नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये ।

**8.3 प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तौर पर राशि ₹0.98 लाख की सम्भावित वित्तीय हानि बारे।**

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा-9 में विहित प्रावधानों के अनुसार रेत, बजरी एवं पत्थर इत्यादि पर 5% की दर से GST का भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत बड़ग्रां के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि की खरीद गई थी एवं पंचायत द्वारा इन्हें राशि ₹2049115/- भुगतान (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है।) किया गया था परन्तु उक्त क्रय सामग्री के अधिकतर आपूर्तिकर्ता GST पंजीकृत नहीं है। फर्मों द्वारा पंचायत को प्रस्तुत बिल प्रॉपर/टैक्स बिल/कम्प्यूटर जनरेटेड न होकर केवल सादे कागज,रसीद, कैश मीमो व परफोर्मा बिल ही हैं जिससे इन बिलों की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी। यह न केवल अनुचित प्रक्रिया है अपितु एक प्रॉपर/टैक्स बिल के अभाव में सरकार को देय वस्तु व सेवा कर (GST) के तौर पर लगभग राशि ₹97576.90 की सम्भावित वित्तीय हानि भी हुई है।

उक्त गम्भीर प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 04 दिनांक 20-08-2024 द्वारा सचिव के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया जिसके प्रत्युतर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त पत्र द्वारा सूचित कि, उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पंचायत को केवल सादे कागज, रसीद, कैश मैमो व कुच्छ परफोर्मा बिल ही प्रस्तुत किए गए हैं यदापि पंचायत द्वारा इन बिलों पर भुगतान GST सहित किया गया है परन्तु इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के कारण यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि वास्तव में GST को सरकारी राजकोष में जमा करवाया गया है या नहीं इस मामले की पंचायत स्तर पर छानबीन करके कृत कार्रवाई से शीघ्र ही अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा एवं भविष्य में टैक्स बिलों पर ही भुगतान किया जायेगा।

अत: उक्त प्रकरण को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये एवं उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यदि कोई उक्त बिलों के सम्बन्ध में कर भुगतान किया गया हो तो

उनका साक्ष्य अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ अंकेक्षण विभाग को शीघ्र प्रेषित किया जाये अन्यथा नियमाविरुद्ध किये गए भुगतानों पर देय कर की पूर्ण गणना उपरान्त उक्त राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करके सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये। यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष इस आशय से लाया जाता है कि; ऐसे प्रकरणों की गहन जांच की नितांत आवश्यकता है ताकि किसी भी प्रकार से कर अदेयता के मामलों की संभावना को पूर्णत: नकारा जा सके।

## 8.4 संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकार को राशि ₹7092 की वित्तीय हानि बारे।

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194(C) के अनुसार आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा भुगतान करने से पूर्व TDS की कटौती करना एवं उसे सरकारी कोष में समयबन्ध तिथि को जमा करवाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत बड़ग्रां के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार राशि ₹354580/- का भुगतान किया गया। परन्तु उक्त भुगतान करते समय स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) नहीं की गई थी। जोकि न केवल आयकर अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों की अवहेलना है अपितु इसके फलस्वरूप सरकारी राजस्व में राशि ₹7091.60/- (2%) की वित्तीय हानि आहरण व संवितरण अधिकारी के कारण हुई है।

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 20-08-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि, टी.डी.एस.के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में इसकी कटौती नहीं की गई परन्तु इस सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण में टी.डी.एस की कटौती किये बिना किये गये भुगतानों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा आयकर अधिनियमों

के तहत आहरण व संवितरण अधिकारी से उक्त राशि की वसूली ब्याज सहित करके तुरंत सरकारी राजकोष में जमा करवाया जाये इसके अतिरिक्त इस प्रकार के अन्य मामलों में अपने स्तर पर गणना करके राशि को जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये ।

## 8.5 कनिष्ठ अभियंता व तकनीकी स्तर पर निष्पादित निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन एवं मापन पुस्तिका इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करना

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक ,तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है ।

ग्राम पंचायत की नमूना लेखा परीक्षा के दौरान कनिष्ठ अभियंता एवं तकनीकी स्तर पर निम्नविवरणनुसार करवाए गए कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन मापन पुस्तिका, प्रपत्र-34 उपयोगिता प्रमाण पत्र इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए जिसके अभाव में उक्त स्तर पर किये गए कार्यों व उसमें प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी ।

| Sr.No/ Grant | Work Name | Sanction. Amount (In lakhs) | Documents not produced |
|---|---|---|---|
| 1.MGREGA | C/o Community bhavan at Khanbagga | 10.00 | MB, Estimate/ Work Order/ Technical sanction order,Format-34etc |
| 2.MGREGA | C/o Pacca path main road to Khanbagga | 16.94 | |
| 3.MGREGA | C/o Interlock tile Tulsi house to kewal house Badgran | 11.65 | |
| 4.MGREGA | C/o Check Dam at Kuthari | 15.00 | do |
| 5.MGREGA | C/o Pacca path at Badgran | 4.77 | do |
| 6.MGREGA | C/o Protection work at Khanbagga (ZP) | 4.93 | do |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7.MGREGA | C/o Protection work at upper Badgran (ZP) | 5.00 | do |
| 8.MGREGA | C/o Interlock tile buhari Mandir to Nala | 5.00 | MB,,UCC Estimate, Work Order and Technical Sanction order,Format-34.etc |
| 9.MGREGA | C/o Soil Conservation Work at digan Pal mandir Dali | 2.64 | ,UCC Estimate, Work Order and Technical Sanction order,Format-34.etc |
| 10.IWMP | C/o Water Storage tank Morthu | | do |
| | TOTAL | 75.93 | |
| | | | |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-12 दिनांक 21-08-2024 द्वारा पंचायत सचिव को उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। इसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, उक्त कार्यो के समस्त अभिलेख कनिष्ट अभियंता के पास विकास खंड कार्यालय में पड़े है इस कारण अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये जा सके। उत्तर तर्कसंगत नहीं है। अत: उक्त वांछित अभिलेखों को प्रस्तुत न करना संस्था के नियन्त्रण तंत्र की पारदर्शिता व उत्तरदायित्व पर प्रश्न चिन्ह खड़े करता है एवं इनके अभाव में इन निर्माण कार्य में नियमों/विनियमों एवं भुगतानों की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः इस सन्दर्भ में औचित्य स्पष्ट करते हुए वर्णित अभिलेख शीघ्र अंकेक्षण को प्रस्तुत किए जाए।

## 9.1 बिना प्रॉपर/टैक्स बिलों के राशि ₹3.75 लाख के स्टोर/स्टॉक का अनियमित भुगतान

ग्राम पंचायत बड़ग्रां के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "7"** के अनुसार राशि ₹375352 का भुगतान विभिन्न सामग्रियों के क्रय की एवज में किया गया परन्तु इन बिलों के अवलोकन में पाया गया यह बिल प्रॉपर/टैक्स बिल न होकर अभिस्वीकृति सहित सादे कागज पर रसीद मात्र, कैश मैमों तथा परफोर्मा बिल हैं इसके अतिरिक्त अधिकतर बिलों पर वेन्डर/आपूर्तिकर्ता का विवरण, GST/TIN संख्या, बिल क्रमांक इत्यादि अंकित नहीं है एवं बिलों पर दिनांक भी हस्तलिखित है एवं

बिल संख्या पंचायत द्वारा बिलों पर स्वयं आवंटित की गई है। जिससे कि इनकी सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी इस प्रकार के बिलों की कुच्छ नमूना प्रतिलिपियाँ इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर संलग्न हैं।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 07 दिनांक 20-08-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि कहा कि, अधिकतर आपूर्तिकर्ताओं द्वारा इस प्रकार के बिलों पर दावे किये गए हैं जिनका समय-समय पर पंचायत द्वारा भुगतान किया गया है भविष्य में प्रॉपर टैक्स बिलों एवं मान्य GST धारकों से ही क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है। उक्त अनियमितताओं एवं प्रस्तुत उत्तर के आधार पर उक्त व्यय संदिग्ध व अनियमित प्रतीत होता है अत: इस सम्बन्ध में अपना पक्ष ठोस तथ्यों व अभिलेखों सहित यथाशीघ्र प्रस्तुत करते हुए उक्त किये गए व्यय को न्यायोचित ठहराया जाये तथा इसे अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ शीघ्र ही प्रेषित किया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 9.2 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत सामग्री पर तय अनुपात से राशि ₹7.54 लाख का अधिक अनियमित व्यय करने बारे।

मनरेगा परिचालन दिशा-निर्देश 2013 (MNREGA Operatinal Guidlines 2013) **नियम 7.4** के अंतर्गत पंचायत स्तर पर मजदूरी व सामग्री को तय अनुपात में खर्च किये जाने के नियम प्रावधित हैं। जिसके अंतर्गत मजदूरी लागत का भौतिक लागत से अनुपात अधिनियम में निर्धारित 60:40 (मजदूरी व सामग्री) के न्यूनतम मापदंड से कम नहीं होना चाहिए।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार मजदूरी पर तय अनुपात से 7.11% कम एवं सामग्री के ऊपर तय अनुपात से अधिक 7.11% का व्यय किया गया जोकि न केवल उक्त दिशा-निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु मनरेगा योजना के मौलिक उदेश्य "ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने" को भी हतोत्साहित करता है।

| क्रम. | वित्तीय वर्ष | कुल व्यय (लाखों में) | मजदूरी पर व्यय (लाखों में) | मजदूरी पर व्यय प्रतिशतता | सामान पर व्यय (लाखों में) | सामान पर व्यय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | 95.26 | 40.09 | 42.08% | 55.17 | 57.92% |
| | **सामाग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय** | | | | **₹7.54** | **+7.92%** |

इस सन्दर्भ में जारी अधियाचना संख्या-07 दिनांक 20-08-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा कहा गया कि, मनरेगा के अंतर्गत तय अनुपात से सामग्री के अधिक व्यय की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ली जाएगी। अत: उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 9.3 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹1.42 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे।

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते व नियमावली 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकतायें यथा निविदायें,कुटेशन (Quatations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची ,आपूर्ति आदेश इत्यादि प्रावधित है।

परन्तु पंचायत के नमूना/चयनित अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत बड़ग्रां द्वारा राशि ₹142581/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया। (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "3"** में दिया गया है।) जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। उक्त राशि की सामग्री व सेवाओं का क्रय औपचारिकतायें पूर्ण किए बिना ही किया गया। जिससे कि ग्राम पंचायत को न केवल बाजारी प्रतिस्पर्धा के लाभ से वंचित होना पड़ा बल्कि पंचायती राज अधिनियम 2002 के सरकारी नियमों की अवहेलना भी की गई, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-05 दिनांक 20-08-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, भविष्य में नियमानुसार सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही क्रय किया जायेगा। उत्तर तर्कसंगत नहीं है एवं बिना कुटेशन के क्रय करना संदिग्ध प्रतीत होता है यह मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है।

## 9.4 निर्माण क्रय के दौरान बची हुई शेष सामग्री राशि ₹0.13 लाख का सम्भावित दुरूपयोग।

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **चैप्टर-8 नियम 69 के अनुसार** सारा स्टोर (सामान) जब प्राप्त किया जाता है, उसका यथास्थिति, परिक्षण, गणना, माप या तोल किया जायेगा और तुरंत स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्ट किया जायेगा।

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, पंचायत कार्यों हेतु **परिशिष्ट-8** व निम्नविवरणानुसार बजरी क्रय व उपयुक्त सामग्री में से शेष बची सामग्री (3.16m3@3500 & 0.73m3@3300) राशि ₹13469 का न तो स्टॉक में बकाया शेष दर्शाया गया और न ही इसकी आगे कोई खपत दिखाई गई। इसके अतिरिक्त मापन पुस्तिका को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित भी नहीं किया गया था जो अनुचित व संदिग्ध प्रतीत होता है।

| **1.Name of Work: Water Storage Tank Morthu Head IWMP MB No. 29956 Page 72-76** | | | |
|---|---|---|---|
| **Item no. & Nomenclature** | **Executed Qty.** | **Material Consumed** | **Material Balance** |
| 5. P/L CC 1:3:6<br>6. P/L CC 1:2:4 | 4.08m3<br>15.80m3 | Agg. 3.63m3<br>Agg. 14.06m3 | 3.16m3@3500 = 11060<br>20.85-17.69 = 3.16m3 |
| **2. Name of Work: Drain Diversion Channel Upper & Lower Khanbago Head IWMP MB No. 29956 Page 79-82** | | | |
| 3. P/L CC 1:3:6 | 12.18m3 | Agg. 10.84m3 | 0.73m3@3300 = 2409<br>(11-57m3-10.84m3) |

| |
|---|
| **Remraks:** In Above CC 1:3:6 Consumption factor (for agg). has taken 0.89 & for CC 1:2:4 (for Agg). has taken 0.89. As In MB no Consumption Statement was Prepared and No size of CC Shown in Nomenclature. |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-10 दिनांक 21-08-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ वस्तुगत स्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया गया कि सामग्री की प्रतिपूर्ति करके सम्बन्धित खातों में जमा करवा दी जाएगी। अत: उक्त प्रकरण में शेष सामग्री की राशि की प्रतिपूर्ति सम्बंधित कर्मचारी से करके शीघ्र ही खाते में जमा करवाई जाये एवं अन्य ऐसे मामलों की विभागीय स्तर पर छानबीन उपरान्त अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.5 माप पुस्तिकाओं में बिना लीड (दूरी) दर्शाए पत्थर ढुलाई पर राशि ₹1.23 लाख का अनियमित व्यय।**

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं के अवलोकन में पाया गया 163.50m3 पत्थर की ढुलाई दर्शाई गई है जिसके एवज में राशि ₹122864 (56978+65886) का भुगतान कार्यरत लेबर को (मद पत्थर ढुलाई हेतु) किया गया है। जिसका निम्न संक्षिप्त विवरण एवं संलग्न **परिशिष्ट "8"** में पूर्ण विवरण दिया गया है।

माप पुस्तिका में लेबर द्वारा पत्थर की ढुलाई की दूरी (लीड) दर्ज नहीं की गई है और न ही उक्त मद को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया है जिससे कि उक्त मद के तहत किये गए भुगतान की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

| **1.Name of Work: Soil Conservation Work at Digan Pal Mandir Head MGREGA MB No. 29883 Page 45, 57 & 84** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Nomenclature** | **Executed Qty.** | **Rate** | **Amount** | **Remrks** |
| Stone Carrige | 88.5m3 | 744.47 | 65885.59 | No lead shown in MB |

| 2.Work: Rasta Nirmaan main Road to Nahar Panjari Head MGREGA MB No.29883 Page 60 & 88 MB No. 046 Page. 99 & 100 MB 29870 Page. 29,77 & 95 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Stone Carrige | 32.5m3 | 779.64 | 25338.30 | No lead shown in MB |
| Stone Carrige | 42.50m3 | 744.47 | 31639.97 | -----do----------- |
| **Total (1+2)** | **163.5m3** | | **₹122863.86** | |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-10 दिनांक 21-08-2024 द्वारा उक्त प्रकरण पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, भविष्य में माप पुस्तिकामें पूर्ण विवरण भरा जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है अत: उक्त अनियमित व्यय की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति लेकर नियमित करवाया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये अनुपालना लेखा परीक्षा में वांछित है।

## 9.6 निर्माण कार्यों के दौरान कुल उपलब्ध सामग्री से अधिक का मूल्यांकन करने बारे।

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की माप पुस्तिका अनुसार 229m3 Dry Rubble Masnory मद का निष्पादन दर्शाया गया है जिसकी कुल खपत 265.63m3 पत्थर बनती है आगे अवलोकन में यह पाया गया कि उक्त मद के निष्पादन हेतु पंचायत द्वारा मेनुयल लेबर व आपूर्तिकर्ताओं से कुल 217.03m3 पत्थर एकत्रित व क्रय किये गए थे जबकि खपत 265.63m3 की हुई है इस प्रकार उक्त मद पर कुल 48.60m3 पत्थर का अधिक मूल्यांकन दर्शाया गया है जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है। जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित एवं पूर्ण विवरण **परिशिष्ट 8** में दिया गया है।

| 1.Name of Work: Soil Conservation Work at Digan Pal Mandir Head MGREGA MB No. 29883 Page 45, 57 & 84 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Nomenclature | Executed Qty. | Consuption of Stone | Total Availbale Stone | Excess Stone Qty.Recorded |
| 1. | 2. | 3. (2x1.16) | 4. | 5. (4-3) |
| Dry Rubble Masnory | 113.67m3 | 131.85m3 (113.67x1.16) | 112.53m3 | 19.32m3 |

| 2.Work: Rasta Nirmaan main Road to Nahar Panjari Head MGREGA MB No.29883 Page 60 & 88 MB No. 046 Page. 99 & 100 MB 29870 Page. 29,77 & 95 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Dry Rubble Masnory | 115.33m3 | 133.78m3 (115.33x1.16) | 104.50m3 | 29.28m3 |
| **Total** | **229m3** | **265.63m3** | **217.03m3** | **48.60m3** |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-10 दिनांक 21-08-2024 द्वारा उक्त प्रकरण पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में तकनीकी सहायक व सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं है अत: उक्त अनियमितता को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये अनुपालना लेखा परीक्षा में वांछित है।

**9.7 पंचायत की माप पुस्तिकाओं के रख-रखाव में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे।**

हि०प्र० पंचायती राज ((वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के चैप्टर-11 के नियम 101 (ग) के अनुसार तकनीकी सहायकों की माप पुस्तिकाओं को कनिष्ट अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत के तकनीकी स्तर पर करवाए गए निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं के अवलोकन में पाया गया कि यह उक्त नियमानुसार कनिष्ट अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं की गई थी इसके अतिरिक्त माप पुस्तिका में तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री खपत विवरण तैयार नहीं किया गया था जोकि न केवल अनुचित हैं अपितु इसके अभाव में यह ज्ञात करना जटिल हो जाता है कि वास्तव में कितनी सामग्री किसी कार्य विशेष हेतु क्रय की गई कितनी उपभोग की तथा कितनी शेष बची ? इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनांक 21-08-2024 के प्रत्युत्तर में कहा गया कि भविष्य में उक्त अनियमितताओं की पुनरावृत्ति नहीं की जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं हैं उक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 9.8 संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही राशि ₹5.44 लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम **49(1)(2)** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान हेतु ग्राम पंचायत प्रधान व सचिव दोनों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित किया जाना जरुरी है।

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत प्रधान द्वारा एकल हस्ताक्षर से ही (संलग्न परिशिष्ट "5") राशि ₹544023/- भुगतान किये गए थे जोकि न केवल उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु यह संदिग्ध भी प्रतीत होता है जिसके अंतर्गत राशि के दुर्विनियोजन की संभावना को भी नहीं नकारा जा सकता है एवं न ही किये गए भुगतानों की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनांक 20-08-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव ने कहा कि, भविष्य में नियमानुसार संयुक्त हस्ताक्षर उपरान्त ही बिलों का भुगतान किया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है। अत: नियमविरुद्ध किये गए भुगतानों को न्योयचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 9.9 राशि ₹5.44 लाख के क्रय स्टोर/स्टॉक को स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज न करना एवं पंचायत के स्टॉक रजिस्टर के रख-रखाव में पाई गई विविध अनियमिताओं बारे।

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **चैप्टर-8 नियम 69 के अनुसार** सारा स्टोर (सामान) जब प्राप्त किया जाता है ,उसका यथास्थिति, परिक्षण, गणना, माप या तोल किया जायेगा और तुरंत स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्ट किया जायेगा एवं नियम 70 से 72 में वर्णित विभिन्न नियमों की अनुपालना आवश्यक है।

ग्राम पंचायत द्वारा अन्य अनुदानों हेतु संधारित स्टॉक रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि, पंचायत द्वारा संलग्न परिशिष्ट "5" के अनुसार राशि ₹544023 के

